हापुड़ पुलिस

# प्रेस नोट

**थाना - बहादुरगढ़ दिनांक 04.10.2024**

- **थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने ट्रक चालक की हत्या कर ट्रक लूट की घटना में करीब 11 वर्ष से फरार चल रहे 25,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा वर्ष-2013 में अपने सहभियुक्तों के साथ मिलकर थाना बहादुरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ट्रक चालक अनिल शर्मा की हत्या कर ट्रक लूटने की घटना कारित की गई थी तथा हापुड़ पुलिस द्वारा उसके साथियों को मय ट्रक सहित गिरफ्तार किया गया था एवं अभियुक्त नितिन लगातार फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक हापुड़ महोदय द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।**

## कार्यवाहीः-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा थाने के मु0अ0सं0 202/13 धारा 394, 302, 201, 120बी, 34 भादवि में करीब 11 वर्ष से फरार/वांछित चल रहे 25,000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अपराधी को असम राज्य से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

नितिन पुत्र भोपाल निवासी डबल स्टोरी मलिन बस्ती रिठानी थाना परतापुर जनपद मेरठ।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री मनवीर सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
2. का0 915 कुलदीप कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
3. का0 918 व्रजेश कुमार थाना बहादुरगढ जनपद हापुड।
4. हे0का0 522 धर्मेंद्र सिंह सर्विलांस सेल जनपद हापुड।